Seat No. : _______________

# AU-118-H

**May-2016**

## B.Com., Sem.-II

## CE-102 : Financial Accounting - II
## (Adv. Acc. & Auditing)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**निर्देश** : (1) दाहिनी तरफ के अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

(2) आवश्यक गणनाएँ प्रश्न के उत्तर के हिस्से के रूप में दर्शाएँ ।

1. संत ब्रदर्स का ता. 31-3-2016 का तुलन-पत्र नीचे दिए अनुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | ख्याति | 1,82,000 |
| प्रिंस : 3,15,000 | | ट्रेडमार्क | 1,96,000 |
| पार्थ : 2,45,000 | 5,60,000 | जमीन-मकान | 6,16,000 |
| सामान्य अनामत | 35,000 | संयंत्र-मशीनरी | 2,80,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,05,000 | फर्नीचर | 1,13,400 |
| बैंक ऋण | 2,10,000 | स्टॉक | 14,000 |
| लेनदार | 3,50,000 | देनदार | 11,200 |
| देय हूँडी | 1,12,000 | प्राप्य हूँडी | 2,800 |
| चुकाना बाकी खर्चा | 28,000 | बैंक रोकड़ | 14,000 |
| मकान घसारा निधि | 56,000 | विज्ञापन उचिन्त खाता | 26,600 |
| | **14,56,000** | | **14,56,000** |

ता. 1-4-2016 को प्रीतेश लिमिटेड ने निम्न शर्तों पर व्यवसाय खरीदा :

(1) कंपनी के द्वारा सभी मिलकतें तथा जवाबदारी ले ली गईं ।

(2) स्थायी मिलकतों का उनकी पुस्तक कीमत से 20% अधिक कीमत पर आकलन किया गया, जबकि चालू मिलकतों को उनकी पुस्तक-कीमत पर ही लेने की सहमति हुई ।

प्रीतेश लिमिटेड खरीद कीमत का भुगतान ₹ 10 का एक ऐसे 28,000 सममूल्य शेयर 10% प्रीमियम पर तथा प्रत्येक ₹ 10 की कीमत के 25,200 प्रायिकता शेयरों को देने सहमत हुई ।

प्रीतेश लिमिटेड की पुस्तक में खरीद कीमत की गणना दर्शाते हुए उपरोक्त लेन-देन की जरूरी सामान्य प्रविष्टियाँ लिखकर नया तुलन-पत्र तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(A) किसी भी **एक** को समझाइए : **7**

(1) लेखा मानकों से संबंधित कंपनी अधिनियम के प्रावधान

(2) लेखा मानकों की उपयोगिता

(B) किन्हीं **दो** के जवाब दीजिए : **4**

(1) लेखा मानक-2 किस प्रकार की इनवेन्टरी पर लागू नहीं पड़ता है ?

(2) घसारा संबंधित किन-किन बातों का वित्तीय पत्रकों में खुलासा करना चाहिए ?

(3) वसावा लिमिटेड ने विनोद ब्रदर्स का चालू व्यवसाय खरीदा । खरीद कीमत चुकाने के लिए 24,000 सममूल्य के शेयर प्रत्येक ₹ 100 के 25% प्रीमियम से दिए । पूँजी अनामत ₹ 1,20,000 हुआ । यदि ली गई कुल देनदारियों की कीमत ₹ 6,00,000 रही हो तो ली गई कुल मिलकतों की कीमत बताइए ।

(C) किन्हीं **दो** के जवाब लिखिए : **3**

(1) ‘घसारा पात्र मिलकत’ का क्या अर्थ है ?

(2) ‘रूपांतर लागत’ क्या है ?

(3) लेखा मानक-10 किस पर लागू होता है ?

2. पारस लिमिटेड ने ₹ 10 का एक ऐसे 28,000 सममूल्य शेयर जारी किए, जिनकी जमानत तीन दलालों ने निम्नानुसार ली : **14**

'A' : 14,000 शेयर, 'B' : 8,400 शेयर, 'C' : 5,600 शेयर

इसके बावजूद इन्होंने निम्नानुसार निश्चित जमानतें भी दी थीं :

'A' : 1,400 शेयर, 'B' : 700 शेयर, 'C' : 2,100 शेयर

कंपनी को कुल 21,280 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें निश्चित जमानती शेयर भी शामिल हैं तथा निश्चित जमानती शेयरों के अतिरिक्त चिह्नांकित आवेदनपत्र निम्नानुसार थे :

'A' : 4,200 शेयर, 'B' : 6,300 शेयर, 'C' : 2,380 शेयर

सभी जमानती दलालों की जिम्मेदारियाँ निश्चित कीजिए :

(1) यदि निश्चित जमानत संबंधित कोई राशि जमा न हो तो ।

(2) निश्चित जमानत संबंधित राशि जमा हो जाए, तो ।

**अथवा**

(A) चन्द्र लिमिटेड ने ता. 1-1-2014 को प्रत्येक ₹ 100 का ऐसे 11% के 17,640 ऋणपत्र 4% बट्टे से, प्रति वर्ष ₹ 70,560 के ऋणपत्र खुली बाजार से खरीद कर वापस करने की शर्त पर जारी किए । **7**

वर्ष 2014 और 2015 में ऋणपत्र बट्टे में से ₹ 13,440 प्रति वर्ष चुकता कर दिए गए। 2015 में कंपनी ने ₹ 21,168 की मूल कीमत के ऋणपत्र ₹ 95 की कीमत पर खरीद कर तथा ₹ 49,392 के ऋणपत्र ₹ 93 की कीमत पर खरीद कर रद्द कर दिए ।

वर्ष 2014 तथा 2015 के लिए कंपनी की बही में सामान्य प्रविष्टियाँ लिखिए ।

**अथवा**

ऋणपत्र पुनर्खरीद करने की विधियाँ बताकर खुले बाजार से खरीदकर रद्द करने की रीति समझाइए । **7**

(B) निम्न प्रश्नों के जवाब दीजिए : **4**

(1) जमानत के कमीशन के हिसाब के संदर्भ में जमानती करार के प्रकार लिखिए ।

(2) कंपनी जमानत के कमीशन खाते को बंद कर उसकी बकाया राशि को किस खाते ले जाएगी ?

(C) किसी भी **दो** के जवाब दीजिए : **3**

(1) शेयर/ऋणपत्र जमानत के लाभ लिखिए ।

(2) अपने ही ऋणपत्रों पर निवेश कंपनी के ________ में दर्ज होता है ।

(3) कंपनी अधिनियम की किस धारा के अनुरूप जमानती कमीशन के भुगतान के संदर्भ में कितने नियंत्रण रखने में आते हैं ?

3. रोनक लिमिटेड का ता. 31-3-2016 का तुलन-पत्र निम्नानुसार है : **14**

| **देनदारियाँ** | **₹** | **मिलकतें** | **₹** |
|---|---|---|---|
| प्रत्येक ₹ 100 का एक ऐसे सममूल्य शेयर पूर्ण भुगतान हुए | 4,48,000 | ख्याति<br>पेटेन्ट | 56,000<br>56,000 |
| 9% के प्रायिकता शेयर प्रत्येक ₹ 100 का | 2,24,000 | फ्रीहोल्ड सम्पत्तियाँ<br>संयंत्र-मशीनरी | 2,24,000<br>3,02,400 |
| 10% के ऋणपत्र | 2,24,000 | निवेश | 1,12,000 |
| सामान्य अनामत | 15,680 | स्टॉक | 2,01,600 |
| ऋणपत्रों का बकाया ब्याज | 22,400 | देनदार | 1,09,760 |
| डायरेक्टर का लोन | 89,600 | प्राथमिक खर्च | 20,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 53,760 | विज्ञापन उचन्ति खाता | 24,800 |
| लेनदार | 1,12,000 | लाभ-हानि खाता | 67,200 |
| | | कॉपीराईट | 15,680 |
| | **11,89,440** | | **11,89,440** |

पूँजी घटाव योजना निम्नानुसार ट्रिब्युनल की ओर से मंजूर की गई है :

(1) सममूल्य शेयर प्रति शेयर पर ₹ 80 से घटाना ।

(2) प्रायिकता शेयर प्रति शेयर पर ₹ 60 तक घटाना ।

(3) ऋणपत्रधारकों को उन पर चढ़ा ब्याज नगद लिया जाना तथा उनकी अपनी लेने योग्य रकम का अंशत: भुगतान ₹ 1,12,000 की पुस्तक कीमत की फ्रीहोल्ड मिलकत ₹ 1,56,800 की कीमत पर ले लेना स्वीकार किया ।

(4) डायरेक्टरों ने अपनी लोन के चुकता करने के रूप में 80% रकम सममूल्य शेयरों में, 10% रकम नगद तथा बाकी रकम छोड़ देना स्वीकारा ।

(5) बाकी रकम संयंत्र तथा स्टॉक को पुस्त कीमत पर चुकता करने में उपयोग करनी है ।

(6) अदृश्य तथा अवास्तविक मिलकतों को हानि में ले लेना है ।

आपको सामान्य प्रविष्टियाँ करनी हैं तथा पूँजी घटाव के पश्चात् तुलन-पत्र तैयार करना है ।

**अथवा**

(A) कोई **एक** को समझाइए : **7**

(1) पूँजी घटाने की पद्धतियों को समझाइए ।

(2) पूँजी घटाव खाते में हानि में ले लिए जाने वाली रकमों को लिखिए । (पूँजी घटाव का उपयोग)

(B) कोई भी **दो** के जवाब दीजिए : **4**

(1) शेयरों का विभाजन तथा एकत्रीकरण

(2) ₹ 21,000 का प्रायिकता लाभांश जाहिर नहीं हुआ तथा भुगतान भी नहीं हुआ । बकाया प्रायिकता लाभांश में 3/5 भाग छोड़ देना है और बाकी के 2/5 भाग के लिए ₹ 10 का एक ऐसे सममूल्य शेयर दिए जाने हैं । आवश्यक सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(3) एक कंपनी ने ₹ 9,400 का इक्विटी स्टॉक के बदले में ₹ 10 का एक ऐसे 1,000 सममूल्य शेयर दिए । आवश्यक सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(C) कोई भी **दो** के जवाब दीजिए : **3**

(1) एक कंपनी ने ₹ 100 के ऐसे 100 सममूल्य शेयर का ₹ 9,250 के सममूल्य स्टॉक में रूपांतर किया । सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(2) एक कंपनी अपनी अधिकृत पूँजी ₹ 100 का एक ऐसे 7000 शेयरों में निवेशित थी । उसमें वृद्धि कर वह ₹ 8,00,000 की करती है । सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(3) पूँजी घटाव क्या है ?

4. पटेल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड केवल अग्नि-बीमा का व्यवसाय करती है । उसकी खातावही में से निम्न बकाया मिलता है : **14**

| विवरण | 31-3-2015<br>₹ | 31-3-2016<br>₹ |
|---|---|---|
| (1) चुकाये गए दावे | 1,05,000 | 1,68,000 |
| (2) पुन: बीमा वसूली | 12,600 | 21,000 |
| (3) स्वीकार किये गए पुन: बीमा पर कमीशन | 8,400 | 13,440 |
| (4) दिये गए पुन: बीमा पर कमीशन | 21,840 | 24,360 |
| (5) स्वीकृत पुन: बीमा प्रीमियम | 58,800 | 1,17,600 |
| (6) स्थायी मिलकतों पर घसारा | 14,700 | 17,220 |
| (7) वेतन | 1,17,600 | 1,34,400 |
| (8) प्रशासनिक व्यय | 14,700 | 19,740 |
| (9) प्रीमियम पर कमी के तौर पर दिया बोनस | 13,440 | – |
| (10) स्वीकृत पुन: बीमा पर चुकाए गए दावे | 2,100 | 2,730 |
| (11) प्रत्यक्ष व्यवसाय पर कमीशन | 29,400 | 35,700 |
| (12) प्राप्त प्रीमियम | 5,67,000 | 6,09,000 |
| (13) दिया गया पुन: बीमा प्रीमियम | 1,76,400 | 2,31,000 |
| (14) ऑडिट शुल्क | 4,200 | 4,200 |
| (15) लेखन-सामग्री टेलीग्राम-पत्राचार | 42,840 | 52,500 |
| (16) अशोध्य ऋण | 3,150 | 18,900 |
| (17) मोटर की बिक्री पर हानि | – | 3,360 |

(1) ता. 31-3-2014, 31-3-2015 तथा 31-3-2016 को चुकाए गए बकाया दावे की रकम क्रमश: ₹ 57,750, ₹ 64,050 तथा ₹ 76,860 थी ।

(2) ता. 31-3-2014 को बकाया जोखिम की अनामत ₹ 1,61,700 तथा अतिरिक्त अनामत ₹ 24,360 थी ।

(3) बकाया जोखिम के सामने अनामत जो उस वर्ष के शुद्ध प्रीमियम का 50% के हिसाब से रखना है तथा अतिरिक्त अनामत उसका 5% रखा जाना है ।

उपरोक्त विवरण के आधार पर ता. 31-3-2015 तथा 31-3-2016 को पूर्ण हुए वर्ष का अग्नि विभाग का राजस्व खाता तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(A) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : नो क्लेम बोनस (प्रीमियम के घटते हुए रूप में बोनस) **7**

(B) समझाइए : (कोई **एक**) **4**

(1) बाकी जोखिम अनामत

(2) पुन: बीमा

(C) समझाइए : (कोई **एक**) **3**

(1) कमीशन

(2) शुद्ध प्रीमियम

5. दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) एक फर्म की कुल मिलकत ₹ 6,40,000 है । कुल जवाबदारी ₹ 90,000 है । खरीद कीमत ₹ 4,80,000 सुनिश्चित हुई है, तो क्या होगा ?

(A) ख्याति (B) पूँजी अनामत

(C) ख्याति और पूँजी अनामत दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

(2) भारतीय लेखा मानक-6 के अनुसार घसारे की पद्धति में परिवर्तन यह किसमें परिवर्तन गिना जाएगा ?

(A) लेखाकीय नीति में किया परिवर्तन (B) मूल्यांकन में परिवर्तन

(C) मिलकत में परिवर्तन (D) इनमें से कोई नहीं

(3) ₹ 500 का एक ऐसा ऋणपत्र पर अधिक से अधिक स्वीकृत किए जाने योग्य जमानत कमीशन है

(A) ₹ 12.5 (B) ₹ 25

(C) ₹ 5 (D) इनमें से कोई नहीं

(4) ऋण-पत्र की पुन: खरीद के समय उसकी मूल कीमत के बराबर रकम लाभ-हानि अनुप्रयोजित खाते से स्थानांतरित कर ______ खाते लाई जाती है ।

(A) पूँजी अनामत (B) सामान्य अनामत

(C) ख्याति (D) इनमें से कोई नहीं

(5) पूँजी घटाने की योजना के अन्तर्गत ₹ 3,00,000 की मशीनरी बेकार हो जाने से ₹ 50,000 की भंगार कीमत पर बेचने में आए तो

(A) ₹ 50,000 पूँजी घटाव खाते में जमा होती है ।

(B) ₹ 3,00,000 पूँजी घटाव खाते में नामे होती है ।

(C) ₹ 2,50,000 पूँजी घटाव खाते में नामे होती है ।

(D) ₹ 3,50,000 पूँजी घटाव खाते में जमा होती है ।

(6) किस शेयर का स्टॉक में रूपांतर किया जा सकता है ?

(A) अंशत: भरपाई शेयर
(B) पूर्ण भरपाई शेयर
(C) (A) तथा (B) दोनों
(D) इनमें से एक भी नहीं

(7) बीमा कंपनियों के लिए कौन सी स्वतंत्र नियमनकारी बॉडी की रचना की गई है ?

(A) IRDA
(B) TRAI
(C) RBI
(D) TRBI

(8) बीमा कंपनियों द्वारा दावों की आय ______ पर होती है ।

(A) प्रत्यक्ष व्यवसाय
(B) स्वीकृत पुन: बीमा
(C) दिया गया पुन: बीमा
(D) इनमें से कोई नहीं

(9) पुकार लिमिटेड गार्गी ब्रदर्स का व्यवसाय ले लेता है । अन्य मिलकतें ₹ 10,00,000 तथा ₹ 1,00,000 ख्याति का मूल्य आंकती है । अन्य जवाबदारी ₹ 8,00,000 की है । तो व्यवसाय की खरीद कीमत होनी चाहिए

(A) ₹ 2,00,000
(B) ₹ 2,50,000
(C) ₹ 3,50,000
(D) ₹ 3,00,000

___________